**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। विमान कल दिन में अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में यात्री और चालक दल सहित कुल 242 लोग सवार थे। रमेश विश्वास कुमार नाम के एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बच गये ।गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता विजय रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं।विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

**********************************************************************

पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के भानु स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के निमित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रही।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षको को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी भानु के परिसर में वृक्षारोपण भी किया।इस दौरान एयर इंडिया के विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने सभी को जीवन में नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने व नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल प्रशिक्षण बहुत महत्व रखता है। 21 जून से 25 दिन पहले योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आरंभ किया गया था । उन्होंने बताया कि अब तक 15 लाख 60 हजार 102 लोगों ने योग अभ्यास में भाग लिया।

**********************************************************************

29 मई से शुरू विकसित कृषि संकल्प अभियान का कल समाप्त हो गया। देशव्यापी इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीमें किसानों के खेतों तक पहुंची और उन्हें खेती में हो रहे शोध और नई तकनीकों की जानकारी दी।राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान  के निदेशक डॉ धीर सिंह ने बताया कि संस्थान लगभग 3 हजार टीमें इस अभियान में लगाई गई है जो प्रदेश के  3500 गांवो  तक पहुंची हैं। करीब साढ़े 4 लाख किसानों से इस दौरान सीधा संवाद किया गया । इस प्रकार प्रतिदिन 30 हजार किसानों से संस्थान के  वैज्ञानिकों ने संवाद किया। डॉ धीर सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान किसानो की   बीजों व खाद के बारे में समस्याओं का हल दिया गया।

*******************************************************************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण- एन.आई.ए. ने अमृतसर पुलिस चौकी ग्रेनेड हमले के सिलसिले में पंजाब और हरियाणा में आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुडे विभिन्न स्थलों पर छापे मारे हैं।अन्वेषण अभिकरण ने बताया कि कल पंजाब में अमृतसर, तरणतारण, फिरोजपुर, पठानकोट, कपूरथला और रूपनगर तथा हरियाणा के सिरसा में पंद्रह स्थानों की तलाशी ली गई। एन.आई.ए. ने बताया कि गुमताला पुलिस चौकी पर हमले के लिए विस्फोटक और वित्तीय सहायता बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सरवन सिंह ने बग्गा सिंह और मनदीप सिंह को उपलब्ध कराई थी।

************************************************************************

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए सराहनीय कार्य करने वाले बैंक ओर पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। पंचकूला  में आज साइबर अपराध पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रदेश में साइबर अपराध में भारी गिरावट आई है और बैंकों के साथ मिलकर लोगों के करोड़ों रुपए बचाये गए है। मीडिया से बातचीत करते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि साइबर अपराध को लेकर हरियाणा पुलिस अच्छा काम कर रही है और पिछले साल केंद्र सरकार द्वारा हमारे काम को सराहा गया और अवार्ड भी दिया गया है।

********************************************************************

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त योग्यता परीक्षा समूह ग के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि पहले  अंतिम तिथि 12 जून थी, लेकिन अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब इसे 14 जून रात 11 बजकर 59 मिनट तक बढ़ाया गया है।उन्होंने कहा कि साथ ही, आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी अब 16 जून शाम 6बजे तक बढ़ाई गई है।श्री चौहान ने स्पष्ट किया कि यह तिथि वृद्धि अंतिम है, और इसके बाद आगे कोई भी बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

**********************************************************************